विमान वाहक आई० एन० एस० विक्रान्त के लिए आधुनिक विमान

4256 **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री धर्मराव अफजलपुरकर :

क्या रक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के विचाराधीन कोई ऐसी योजना है कि विमानवाहक आई०एन० एस० विक्रान्त के लिए अधिक आधुनिक विमान रखे जाएं ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी रूप रेखा क्या है ?

रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) इस मामले में अभी अन्तिम निर्णय नहीं लिया गया है ।

राष्ट्रीयकृत बंकों में प्रायोगिक परियोजना आरम्भ करना

4257. **श्री श्रीकिशन मोदी**
श्री पी० एम० मेहता

क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या कुछ बैंकों ने प्रायोगिक परियोजनायें आरम्भ की है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना से क्या-क्या लाभ होंगे ?

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) 3 जून, 1972 को भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र के बैंकों को मार्ग-दर्शक सिद्धान्त जारी किये थे जिनमें उन्हें यह सलाह दी गई थी कि वे सर्वप्रथम प्रयोगिक आधार पर, ब्याज की भिन्न-भिन्न दरों की एक योजना को आरम्भ करें। बैंक इस समय प्रारम्भिक कदम उठा रहे हैं जैसे योजना को कार्यान्वित करने के लिए शाखाओं को चुनना, शाखाओं को अनुदेश जारी करना आदि ।

(ख) 25 मार्च 1972 को लोक-सभा में रखे गये एक वक्तव्य में ब्याज की भिन्न-भिन्न दरों की नीति की यूक्तिसंगतता को स्पष्ट कर दिया गया था। योजना का उद्देश्य उत्पादक कार्यों में लगे हुए कमजोर लोगों में से भी अपेक्षाकृत अधिक कमजोर व्यक्तियों को सहायता देना है ।

Smuggling on Indo Pak Border

4258 SHRI PAMPAN GOWDA :
SHRI D K PANDA :

Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether Government have received complaints regarding the activities of some international smugglers on Indo-Pak borders, and

(b) if so, the effective measures taken by Government to check smuggling and the number of persons arrested on the charge of smuggling on the Indo Pak border after the recent Indo-Pak war ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI K R GANESH) (a) No complaint sregarding the activities of international smugglers on Indo-Pak border have been received by the Government

(b) Effective administrative and legal set-up already exists to check smuggling The following special measures have been taken in addition to check smuggling on the Indo-Pakistan border

(1) Frevuent meetings are held at high level between officers of Customs State Police and Border Security Force for mutual exchange of information and devising of effective measures for prevention of smuggling.

(2) Crash programme has been chalked out for training officers engaged on anti-smuggling work In addition, the Customs authorities have undertaken traffice checking. Nakabandis and Road blockades at strategic points Due to emergency still in force,

with the deployment of Army and B, S. F. on the border the smuggling is automatically kept under check,

Only one person has been arrested for smuggling after the recent Indo-Pakistan war.

मध्य प्रदेश में दी गई इण्डेन गैस एजेन्सियां

4259. **श्री गंगाचरण दीक्षित** : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के उन स्थानों के नाम क्या क्या हैं जहाँ इण्डेन गैस की एजेन्सियां दी गई हैं ;

(ख) उन स्थानों के नाम क्या क्या हैं जहां उक्त एजेन्सियां देने का विचार है ; और

(ग) बेरोजगार इन्जीनियरों तथा उनकी सहकारी संस्थाओं/भूतपूर्व सैनिकों तथा उनकी सहकारी संस्थाओं को कितनी एजेन्सियां दी गई।

विधि और न्याय तथा पेट्रोलियम और रसायनिक मंत्री (श्री एच० आर० गोखले): (क) मध्य प्रदेश में 5 शहरों में इडेन गैस की एजेन्सियाँ की स्थापना की गई है। जो इस प्रकार है, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, इन्दौर एवं भोपाल।

(ख) सिलैण्डर आदि के उपलब्ध होने पर भारतीय तेल निगम के अस्थाई रूप से विचार किया है कि वर्ष 1972-73 में यह मध्य प्रदेश में सात शहरों, रतलाम, हुसंगाबाद, सागर, सतना, दामोड़, माहो एवं रेवा में इडैल गैस को प्रारम्भ करेगी।

(ग) बेरोजगार इंजीनियरों, स्नातकों सेवा निवृत-सैनिकों तथा मध्य प्रदेश में बेरोजगार इन्जीनियरों / स्नातकों एवं सेवा निवृत सैनिक को-आपरेटिव सोसायटी को दी गई इंडैन गैस का ब्यौरा निम्न प्रकार है :—

बेरोजगार इन्जीनियर/स्नातक	... 2
बेरोजगार इन्जीनियर/स्नातकों को आपरेटिव सोसायटी।	... शून्य

मध्य प्रदेश में तस्करों की गिरफ्तारी

4260. **श्री गंगाचरण दीक्षित** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में गत एक वर्ष में गिरफ्तार किये गये तस्करों की, जिलावार, संख्या कितनी है ; और

(ख) उनसे कितने मूल्य का तस्करी का सामान बरामद किया गया ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) (क) 1971 में मध्य प्रदेश में जिलावर पकड़े गये तस्कर व्यापारियों की संख्या निम्नानुसार है :-

1. इन्दौर	4
2. जबलपुर	3
3. रायपुर	2
4. रायगढ़	2
5. विदिशा	1
6. रतलाम	2
कुल	13

(ख) उनसे लगभग 2 लाख रुपये के मूल्य का कुल माल बरामद किया गया था।

मध्य प्रदेश मे राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा इन्जीनियरिंग और मैडीकल स्नातकों को दिये गये ऋण

4261. **श्री गंगाचरण दीक्षित** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बैंक राष्ट्रीयकरण के बाद मध्य प्रदेश में कितने इंजीनियरिंग और मैडीकल स्नातकों ने राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र दिये ; और